तापमान
अधिकतम 35.3 डिग्री
न्यूनतम 15.4 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 13 अप्रैल 2026

**शहर में आज**
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।
- जिला प्रशासन सुनेगा समाधान शिविर में शिकायतें।
- संकट मोचन हनुमान मंदिर में आरती

# भैयापुर-लाढ़ौत में भीषण आग से 26 एकड़ गेहूं की फसल जली

## किसानों ने बिजली सब स्टेशन के शॉर्ट सर्किट को ठहराया जिम्मेदार ▶▶ तेज हवाओं से भड़की आग, भारी नुकसान

- *डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू*
- *किसानों ने मुआवजा दिए जाने और जांच की उठाई मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




खेतों में ही राख हो गई किसानों की उम्मीदें

भैयापुर-लाढ़ौत गांव में रविवार दोपहर एक बड़ा अग्निकांड हो गया, जिसमें कई किसानों की मेहनत की फसल देखते ही देखते जलकर खाक हो गई। इस हादसे में करीब 26 एकड़ गेहूं की फसल नष्ट हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। प्रभावित किसानों में सतपाल की 6 एकड़, संसार की कुल 7 एकड़ (4 और 3 अलग-अलग हिस्सों में), डोलू की 6 एकड़, रणवीर की 2 एकड़, अंकित की 2 एकड़, राजेश की 1 एकड़ और दलबीर की 2 एकड़ फसल शामिल है। घटना रविवार दोपहर करीब 1 बजे की है, जब अचानक खेतों में आग लग गई। उस समय तेज हवाएं चल रही थीं, जिसने आग को और भड़का दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में लहलहाती गेहूं की फसल धुएं और राख में बदलने लगी। किसानों का आरोप है कि यह आग प्राकृतिक कारणों से नहीं लगी, बल्कि खेतों के पास बने बिजली सब स्टेशन में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। किसानों ने निष्पक्ष जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और नुकसान का उचित मुआवजा की मांग की है।

### एक चिंगारी ने खत्म कर दिया सबकुछ

किसानों के अनुसार, सब स्टेशन से निकली चिंगारी सूखी फसल पर गिरते ही आग फैल गई। उनका कहना है कि पहले भी इस सब स्टेशन से संबंधित सुरक्षा को लेकर कई बार शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आग लगने के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। किसान और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। कोई पानी की बाल्टियां लेकर दौड़ा, तो कोई ट्रैक्टर से खेत जोतकर आग की रफ्तार रोकने की कोशिश करता नजर आया। लेकिन तेज हवा और सूखी फसल के कारण आग पर काबू पाना आसान नहीं था।

### किसानों में रोष

आग लगने की सूचना करीब सवा एक बजे फायर ब्रिगेड को दी गई, जिसके बाद दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी फसल जल चुकी थी। घटना के बाद किसानों में रोष है। उनका आरोप है कि बिजली सब स्टेशन की लापरवाही के कारण हादसा हुआ। उन्होंने प्रशासन से जांच और उचित मुआवजे की मांग की है।

### पुलियों की मरम्मत जरूरी

मैं ग्राम पंचायतों से अनुरोध कर रहा हूं कि खेतों में जो नहरी पानी के खालों की पुलिया बनाई गई हैं, उनको तुरंत मरम्मत करा दें। ताकि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां इनमें न धंसे। कई बार पुलियों में गाड़ी धंस जाती हैं। जिसकी वजह से गाड़ी घटना स्थल पर पहुंचने में नाकाम हो जाती हैं। अभी 11 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सर्विस दे रही हैं। -उत्कृष्ट सिंह, फायर ऑफिसर, रोहतक

## गांधरा में एक एकड़ गेहूं की फसल जली

**सांपला।** गांव गांधरा में रविवार दोपहर गेहूं के खेत में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रणबीर पुत्र दीपचंद निवासी गांधरा के खेत में अज्ञात कारणों के चलते आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। धुएं के गुबार उठते देख आसपास के किसानों में अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और फायर कर्मियों की संयुक्त कोशिशों से आग पर काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझ जाने से आसपास के खेतों में खड़ी फसल को बड़े नुकसान से बचा लिया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस आगजनी की घटना में किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## सीमेंट स्टोर संचालक पर फायरिंग करने का आरोपी रिमांड पर

- पुराने विवाद में लाइसेंसी हथियार से की थी गोलीबारी

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित सीमेंट स्टोर संचालक प्रवीन पर फायरिंग करने वाले आरोपी संजय को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि कुछ दिन पहले वह सामान लेने प्रवीन के पास आया था, जहां उसका विवाद हो गया। वह इसी विवाद में प्रवीन पर फायरिंग करने आया था। याद रहे शनिवार की सुबह प्रेम नगर निवासी 32 वर्षीय प्रवीन गोहाना रोड स्थित राजलक्ष्मी सीमेंट-सरिया स्टोर पर बैठा था। तभी एक युवक आया और उस पर फायरिंग कर दी। बदमाश ने उसके मुंह पर गोली मार दी। प्रवीन घायल हो गया तो हमलावर ने दो गोली और चलाई। इसके बाद वह फरार हो गया। प्रवीन को उनके ताऊ व अन्य परिजनों की मदद से पीजीआईएमएस में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। जांच प्रभारी पुलिस चौकी सुखपुरा सन्नी द्वारा की गई। पुलिस ने वारदात के कुछ घंटों में ही संजय को काबू कर लिया था।

## खरावड़ में बस की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**सांपला।** खरावड़ बाईपास पर रविवार को रोडवेज बस की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। 70 वर्षीय सुभाष दोपहर बाद अपनी साइकिल पर सवार होकर बाईपास की तरफ गया था। जब वह पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो रोडवेज बस की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया। पुलिस कारवाई कर रही है।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने को प्रशासन अलर्ट

**रोहतक।** अक्षय तृतीया (19 अप्रैल) के अवसर पर जिले में होने वाली शादियों को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी हाल में बाल विवाह न होने दिया जाए और इस पर विशेष निगरानी रखी जाए। डीसी ने आमजन से भी अपील की है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें। सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की है।

## अवैध हथियारों के साथ युवक गिरफ्तार दो पिस्तौल और चार कारतूस बरामद


- गांधरा मोड़ पर पुलिस को देख भागा आरोपी, पीछा कर किया काबू

**सांपला।** सीआईए रोहतक की टीम ने गांधरा रोड पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो पहले से ही आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। आरोपी के कब्जे से दो अवैध पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए टीम गश्त व अपराध जांच के दौरान गांधरा मोड़ के पास मौजूद थी। इसी दौरान गांव गांधरा निवासी दीपांशु, जिसके खिलाफ पहले भी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, अपने आरडी ट्रेडर्स फार्म हाउस के सामने हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित की और मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान दीपांशु पुत्र मुनीम निवासी गांधरा के रूप में बताई। तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से दो पिस्तौल बरामद हुए। दोनों पिस्तौलों की मैगजीन में दो-दो जिंदा कारतूस लोड मिले।

## एमडीएमए सप्लाई मामले में विदेशी तस्कर गिरफ्तार

- 1.32 ग्राम नशीला पदार्थ बरामदगी के केस में दिल्ली से पकड़ा गया आरोपी

**रोहतक।** जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने युवक के पास से मिली 1 ग्राम 32 मिलीग्राम एमडीएमए नशीला पदार्थ बरामद के मामले में शामिल रहे विदेशी तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पेश अदालत किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। प्रभारी स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ निरीक्षक नवीन जाखड ने बताया कि एएसआई मंजीत के नेतृत्व में एसडीयू की टीम पूर्वी बाईपास सांपला रोहतक के पास गश्त में मौजूद थी। दौराने गश्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये पश्चिम बाईपास सांपला सोनीपत झज्जर रोड फ्लाई ओवर के नीचे से आशीष निवासी रोहतक को काबू किया गया था। तलाशी लेने पर युवक के पास 1 ग्राम 32 मिलीग्राम एमडीएम बरामद हुआ है। जांच के बाद विदेशी आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। वारदात में शामिल रहे दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी वर्क वीजा पर भारत मे आया हुआ है।

ORTHO-MUSCULOSKELETAL
(हड्डी-जोड़ रोग)

जोड़ क्यों बदलवायें ?
स्पोर्ट्स इंजरीज, मेनिस्कस-लिगामेन्ट टियर में ऑपरेशन क्यों ?
जब अथर्व है
जोड़ों-कमर दर्द, डिस्क, सरवाईकल, गठिया, माईग्रेन, लकवा, नसों की कमजोरी आदि।
Joints-Backpain, Disc, Cervical, Arthritis, Gout, Migraine, Hemi-Para Plegias etc.
पेन किलर-साईडइफैक्टस नो ईलाज
अथर्व आयुर्वेद नो साईड़इफैक्टस ईलाज

GYNAE-OBS
(स्त्री-प्रसूति रोग)

बाँझपन → मातृत्व
ट्यूब ब्लॉक, रसौली, फाईब्राइड आदि में ऑपरेशन क्यों ?
PCOD/PCOS की टैंशन क्यों ?
जब
अथर्व आयुर्वेद है
Qualified Ayurvedic Specialists
की देखरेख में शुद्ध आयुर्वेद व पंचकर्म द्वारा
अलग लेवल का अनुभव पाएं

ANORECTAL

बवासीर, फिशर भगंदर, एनोरेक्टल समस्याएँ
आयुर्वेद-पंचकर्म से दोबारा नहीं

गुर्दे-शुगर-बी. पी.
बीमारी और दवाओं दोनों के साइडइफैक्टस की चिंता छोड़
अथर्व आयुर्वेद आएं
- थाइरॉयड, पेशाब, सैक्स रोग
- एसिडिटी, कब्ज, आईबीएस आदि लिवर-पेट रोग
- सोरायसिस, एलर्जी, एक्जिमा आदि चमड़ी रोग
- खाँसी, दमा आदि छाती रोग
अन्य सभी रोगों का बिना साइडफैक्टस समाधान
आयुर्वेद-पंचकर्म-नेचुरोपैथी में।

अथर्व जरा हटके
- आपके लिए सबसे बढ़िया सुविधाएं
- क्वालिफाईड, अनुभवी, स्पैशलिस्ट-डॉक्टर्स एवं थैरेपिस्ट
- आधुनिक, सुसज्जित पंचकर्म थैरेपी रूम्स-केरल जाने की जरूरत नहीं।
- आपके बजट अनुसार जनरल वार्ड, सैमी प्राईवेट, प्राईवेट, डीलक्स, सुपर डीलक्स रूम्स।
असली आयुर्वेद अथर्व आयुर्वेद
Ayurved With A Difference
Experience It

सभी पैनल्स पर आपकी सेवा में
CGGS | ECHS | F.C.I. | Haryana Govt.
1. Star Health
2. ICICI Insurance
3. HDFC Insurance
4. Future General Insurance
5. Bajaj Allianz Insurance
6. SBI General Insurance
7. Care Insurance
8. Aditya Birla Insurance
9. Paramount TPA
10. Universal Sompo
11. Chola MS
12. Reliance General
13. Park Mediclaim
& Many Others.

अथर्व™ आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
छोटू राम स्टेडियम के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
01262-257211, 8053988881, 8053128881

# अन्न की बेकद्री सड़क, प्लॉट और खेतों में लग रहे गेहूं के ढेर

## माजरा में खरीद केंद्र पर पर्याप्त जगह न होने से सड़कों पर फसल

*मदीना खरीद केंद्र पर भी ऐसा ही हाल, क्या करें किसान, वाहन चालक भी परेशान*

राजकुमार नरवाल. ▶▶| महम

मार्केट कमेटी रोहतक द्वारा लाखन माजरा और मदीना में गेहूं खरीद केंद्र बनाए गए हैं, ताकि किसानों को दूर अनाज मंडियों में गेहूं को न लेकर जाना पड़े। लेकिन विडंबना यह है कि इन खरीद केंद्रों में अव्यस्था के चलते गेहूं की बेकद्री हो रही है। खरीद केंद्र के लिए पर्याप्त जगह न होने की वजह से आढ़तियों द्वारा गेहूं सड़कों, खेतों और प्लॉटों में डालना पड़ रहा है। ये खरीद केंद्र महज डेढ़ या दो एकड़ जमीन में ही चलाए जा रहे हैं। जबकि खरीद केंद्र के लिए कम से कम दस एकड़ जमीन होनी चाहिए। जो काम दस एकड़ जमीन में होना है, यदि वह दो एकड़ में किया जाए तो अव्यवस्था होना लाजमी है। मदीना खरीद केंद्र की जमीन महज दो एकड़ है।



रोहतक। मदीना में हाईवे पर पड़ा गेहूं।

### प्रशासन पर नजर

हरिभूमि ने इस मुद्दे की तह तक जाने का प्रयास किया है। उन्होंने मार्केट कमेटी अधिकारियों, ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, किसानों और आढ़तियों से बातचीत की है। इसमें यह बात निकलकर आई है कि मार्केट कमेटी अधिकारी जमीन 33 साल के पट्टे पर लेना चाहते हैं और पंचायतें शामलात जमीन स्थाई रूप से देने को तैयार हैं। यदि रोहतक के जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता इस मामले में रूचि दिखाएं तो समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है।

▶| मंडी के लिए 10 एकड़ भूमि जरूरी, दो एकड़ में चल रहे खरीद केंद्र

▶| व्यवस्था की नाकामी से किसानों व अनाज की हो रही बर्बाद

### लाखन माजरा में अनाज मंडी बनाई जाए, ग्राम पंचायत 17 एकड़ जमीन देने को तैयार : संदीप



ग्राम पंचायत लाखन माजरा की सरपंच उषा देवी के पति संदीप उर्फ मोटा ने बताया कि लाखन माजरा से रोहतक और महम की अनाज मंडियां दूर पड़ती हैं। लाखन माजरा बड़ा गांव है। इसके आस पास के काफी गांव ऐसे हैं, जिन्हें फसल बेचने के लिए दूर दराज की मंडियों में जाना पड़ता है। पिछले कई दशक से इलाके के किसान लाखन माजरा में अनाज मंडी बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन किसी भी सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। यहां बनाया गया खरीद केंद्र इतना छोटा है कि वहां पर थोड़ा सा ही गेहूं रखा जा सकता है। गेहूं के सीजन में यहां पर बारिश हो जाती है तो गेहूं सड़ने लगता है। गेहूं खरीद के कोई इंतजाम यहां पर नहीं हैं। ग्राम पंचायत यहां पर अनाज मंडी बनाने की मांग करती है और इसके लिए 17 एकड़ जमीन भी देने को तैयार है।

### जमीन पट्टे पर देने को तैयार नहीं पंचायत

मार्केट कमेटी अधिकारी पंचायतों से 33 साल के पट्टे पर लेने के लिए तैयार हैं। लेकिन ग्राम पंचायतें पट्टे पर न देखकर गांव में फसल खरीद का स्थाई समाधान चाहती हैं। वे जमीन मार्केटिंग बोर्ड को बेचने के लिए तैयार हैं। ताकि समस्या का स्थाई हल हो सके। हालांकि गेहूं खरीद सीजन से पहले मार्केट कमेटी रोहतक के अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों से संपर्क करते हैं। सरपंचों से बातचीत होती हैं। लेकिन पंचायतें जमीन पट्टे पर देने को तैयार नहीं है, वे परमानेंट देने के लिए राजी हैं। गेहूं खरीद सीजन से पहले हर साल यह प्रेक्टिस मार्केट कमेटी अधिकारियों द्वारा की जाती है। अगले साल फिर चर्चा होती है। फिर वही अन्न की बेक्रदी होती है। इस तरह सालों से यह सिलसिला चल रहा है। लेकिन समाधान नहीं हो सका।

### दोनों ग्राम पंचायतों से बातचीत की गई थी लेकिन खरीद केंद्र के लिए नहीं दी जगह



मार्केट कमेटी रोहतक के सचिव दीपक लोहचब ने बताया कि हर साल ही दोनों ग्राम पंचायतों से खरीद केंद्र की जमीन लेने के लिए बातचीत की जाती है। इस साल भी लाखन माजरा और मदीना की ग्राम पंचायतों से संपर्क किया था और गेहूं खरीद केंद्र के लिए 33 साल के पट्टे पर जमीन मांगी थी। इससे ग्राम पंचायतों को आमदनी भी होती। लेकिन इन गांवों की पंचायतों ने पट्टे पर जमीन देने से मना कर दिया। अनाज की सुरक्षा व सफाई की जिम्मेवारी आढ़ती की होती है। गेहूं खरीद एजेंसियां आढ़ती से साफ सुथरा गेहूं लेती हैं। किसान आढ़ती को गेहूं बेचता है तो उसके बाद गेहूं के रख रखाव और एजेंसी तक पहुंचाने की जिम्मेवारी आढ़ती की होती है। किसानों को कोई परेशानी नहीं हो रही। जगह के अभाव में आढतियों को गेहूं सड़क पर डालनी पड़ रही है। यदि गांव जगह उपलब्ध करवा दे, तो मार्केट कमेटी द्वारा वहां पर सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करवा दी जाएंगी।

### मदीना गिंधराण द्वितीय पंचायत खरीद केंद्र के लिए कलेक्टर रेट पर जमीन देने को तैयार : राजा



ग्राम पंचायत मदीना गिंधराण द्वितीय की सरपंच अंजु शर्मा के पति जगबीर उर्फ राजा शर्मा ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत मार्केट कमेटी को कलेक्टर रेट पर जितनी जमीन चाहिए, उतनी जमीन देने को तैयार है। लेकिन मार्केट कमेटी अधिकारी जमीन पट्टे पर लेना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि समस्या का स्थाई समाधान हो जाए। कलेक्टर रेट पर जमीन देने के बाद बोर्ड अपने हिसाब से किसानों व आढतियों को वहां निर्माण कार्य करके सभी उचित सुविधाएं प्रदान कर सकता है।

### लाखन माजरा खरीद केंद्र पर आता है 2.40 लाख क्विंटल गेहूं

खरीद केंद्र पर होती है 1.50 लाख क्विंटल गेहूं की आवक

यदि इन खरीद केंद्रों पर गेहूं की आवक की बात करें, तो लाखन माजरा खरीद केंद्र पर 2.40 लाख क्विंटल गेहूं की आवक होती है। वहीं मदीना खरीद केंद्र पर 1.50 क्विंटल गेहूं आता है। गत वर्ष लाखन माजरा में 5 लाख और मदीना में तीन लाख कट्टे भरे गए थे। लेकिन न तो इतने गेहूं को रखने के लिए किसी तरह के शैड की व्यवस्था की गई है और न ही उसके रखने के लिए जगह है। यदि बारिश आ जाए तो गेहूं खराब होने का अंदेशा बना रहता है।

### मदीना में गेहूं से अटा खरीद केंद्र का प्लेटफार्म

फिलहाल हालात यह हैं कि मदीना खरीद केंद्र का प्लेटफार्म गेहूं से अट गया है, जिस वजह से अब आढ़तियों ने मदीना गांव के बीच से गुजरने वाले दिल्ली हिसार नेशनल हाइवे पर गेहूं डालना शुरू हो गया है। सड़क पर गेहूं डाले जाने से वाहन चालकों और यात्रियों को परेशानी हो रही है। क्योंकि रोडवेज और सहकारी समिति की बसें मदीना गांव के बस अड्डे से ही होकर गुजरती हैं। इसी तरह लाखन माजरा खरीद केंद्र की जमीन मुश्किल से डेढ़ एकड़ ही होगी। वहां पर आढ़तियों को प्लेटफार्म भरने के बाद खेतों में गेहूं डलवाना पड़ता है। मदीना में भले ही सड़क पर गेहूं डाला जाता है और उससे वाहन चालकों और यात्रियों को परेशानी होती है। लेकिन लाखन माजरा में कई बार गेहूं रेत मिट्टी में पड़ा हुआ देखा गया है। लाखन माजरा के हालात मदीना से भी बदतर हैं। यह सब सरकार और जिला प्रशासन की लापरवाही की वजह से हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### छात्र के मानसिक और भावनात्मक भविष्य का शिल्पकार भी होता है शिक्षक : सुरेंद्र



**रोहतक।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मार्गदर्शन में एच.डी. पब्लिक स्कूल में 'छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संस्थान के डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह फोगाट, अकादमिक डायरेक्टर कृष्णा फोगाट, प्राचार्य दुलाल देब तथा रिसोर्स पर्सन अनु चावला एवं पंकज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सुरेंद्र सिंह फोगाट ने शिक्षा के मानवीय एवं मनोवैज्ञानिक पक्ष पर विशेष बल दिया। अकादमिक डायरेक्टर कृष्णा फोगाट के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस सत्र में रिसोर्स पर्सन अनु चावला और पंकज ने विस्तारपूर्वक बताया कि शिक्षक किस प्रकार कक्षा में ही बच्चों में तनाव, अवसाद एवं एकाग्रता की समस्याओं के संकेत पहचान सकते हैं।

### रोटरी क्लब में ईएनटी व डेंटल जांच शिविर में 70 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य



**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक द्वारा सेक्टर-1 स्थित सेक्टर प्राइड (एससीओ नंबर 3 व 4) में ईएनटी एवं डेंटल जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एलपीएस बॉसार्ड और सेक्टर फ्रेंड्स क्लब के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें अत्याधुनिक मोबाइल हेल्थ बस का उपयोग किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि डॉ. रवि गुगनानी ने किया। इस दौरान क्लब के 35 से 40 सदस्य उपस्थित रहे। शिविर में 40 ईएनटी और 30 डेंटल मरीजों की जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रवि गुगनानी का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। क्लब सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। आयोजकों ने सहयोगी संस्थाओं और स्वयंसेवकों का आभार जताते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे।

### 200 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया



**रोहतक।** हिसार बाइपास स्थित श्याम कॉलोनी में नव जीवन अस्पताल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधान तिलकराम लठवाल की देखरेख में लगाया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में करीब 200 लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान बीपी, शुगर (आरबीएस) सहित विभिन्न प्रकार की जांच निःशुल्क की गईं। साथ ही सामान्य बीमारियों के लिए दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गईं। विशेष रूप से करीब 80 पूर्व सैनिकों ने शिविर में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर में नेत्र जांच के साथ-साथ पेट संबंधी समस्याएं, बुखार, ब्लड प्रेशर और अन्य सामान्य रोगों की जांच कर उपचार उपलब्ध कराया गया। च इस अवसर पर उप प्रधान धर्मपाल, कैशियर ईश्वर सिंह, कैप्टन बख्तावर, भूप सिंह वर्मा, आजाद बल्हारा, सुरेंद्र दहिया, सुरेंद्र नेहरा, पार्षद अक्षय मोखरा, जगबीर मलिक, अजय देशवाल, विकास सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### महावीर जैन की जयंती पर लगा 18वां रक्तदान शिविर, 86 यूनिट रक्त संग्रह




**रोहतक।** स्वर्गीय वरिष्ठ पत्रकार महावीर जैन की 66वीं जन्म जयंती के अवसर पर महावीर जैन चैरिटेबल ट्रस्ट व सन फ्लैग ग्लोबल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में जैन धर्मशाला, बाबरा मोहल्ला में 18वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें 86 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एल.पी.एस. बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, समाजसेवी दिनेश गोयल, पीएनबी प्रबंधक मनोज मखीजा और एमडीयू के प्रोफेसर राज ऋषि ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालक राजेश जैन ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देता है। उन्होंने स्वयं 46वीं बार रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजसेवी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सांपला।** रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटायल और हसनगढ़ में पार्टी के स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में कष्ट निवारण समिति सदस्य व पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कौशिक पहुंचे। सभी कार्यकर्ताओं ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को हरियाणा और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाएं बताई।इस मौके पर पूर्व सरपंच अनिल, प्रमोद कुमार श्रीनिवास, राजेश बंसल, दीपक, पवन कुमार, विनोद आदि उपस्थित थे।

## नारी शक्ति वंदन से लोकतंत्र होगा और अधिक समावेशी : मंजू हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए बड़ा कदम



मंजू हुड्डा

जिला परिषद चेयरपर्सन एवं भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू हुड्डा ने रविवार को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का ऐतिहासिक और युगांतरकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं के मान-सम्मान का प्रतीक है और उन्हें नीति निर्माण में सशक्त भागीदार बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। मंजू हुड्डा ने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है, जिससे लोकतंत्र अधिक समावेशी, संवेदनशील और प्रभावी बनेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के अधिकार और सम्मान का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देना भी इसी दिशा में एक बड़ा निर्णय है। मंजू हुड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लागू इस व्यवस्था का ही परिणाम है कि आज महिलाएं नेतृत्व के पदों पर आगे आ रही हैं। उन्होंने स्वयं को उदाहरण बताते हुए कहा कि इसी आरक्षण के चलते उन्हें जिला परिषद की प्रथम महिला चेयरपर्सन के रूप में सेवा करने का अवसर मिला है।

## पहरावर में गोशाला के पीछे गलियां बनीं 'नरक', 5 हजार से ज्यादा आबादी बेहाल

■ शिकायतों के बावजूद नहीं हुआ निर्माण, बारिश में हालात बदतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



वार्ड-21 अंतर्गत पहरावर गांव में गोशाला के पीछे स्थित गलियों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। करीब 5 हजार से अधिक आबादी इन गलियों से होकर रोजाना आवागमन करती है, लेकिन वर्षों से इनका निर्माण नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गलियों में जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं और नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर जमा हो जाता है। इससे न केवल पैदल चलना मुश्किल हो गया है, बल्कि दुपहिया वाहन चालकों के लिए भी खतरा बना रहता है। खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब पूरी गली कीचड़ और गंदे पानी से भर जाती है।

### गंदगी का आलम



लेकिन नालियों की समस्या के कारण कुछ ही देर में फिर गंदगी फैल जाती है। प्रशासन को जल्द से जल्द स्थायी समाधान करना चाहिए। - **नवीन**

### कामकाज ठप



गली की खराब हालत का असर हमारे काम पर भी पड़ रहा है। ग्राहक यहां आने से कतराते हैं। अगर जल्द ही निर्माण नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं। - **बबलू**

### सुनवाई नहीं



हम पिछले कई सालों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब तो हालात इतने खराब हैं कि घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। **-संदीप**

### गली बनी तालाब



बारिश के समय तो गली पूरी तरह से तालाब बन जाती है। बच्चों को स्कूल भेजना भी मुश्किल हो जाता है। हर बार आश्वासन मिलता है, लेकिन काम शुरू नहीं होता। - **कांता**

## खेतों के पास बने बिजली सब स्टेशन ने जला दिए किसानों के अरमान

# राख में बदली मेहनत, भैयापुर-लाढ़ौत के किसानों का छलका दर्द

*शाम होते ही खेतों में पसरा सन्नाटा, सुबह लहलहा रही थी पकी हुई फसल*

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक



रोहतक। हरिभूमि से अपना दर्द साझा करते किसान। फोटो : हरिभूमि

रविवार की वह दोपहर भैयापुर-लाढोत के किसानों के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं थी। खेतों में लगी आग ने सिर्फ खड़ी फसल को नहीं जलाया, बल्कि उन उम्मीदों को भी राख कर दिया, जिन पर पूरे परिवारों का भविष्य टिका हुआ था। गेहूं की सुनहरी बालियां, जिन्हें किसान महीनों की मेहनत, पसीने और इंतजार के बाद इस मुकाम तक लाए थे, कुछ ही पलों में काले धुएं में बदल गईं। जब खेतों से धुआं उठ रहा था, तब हर किसान की आंखों में बेबसी साफ दिखाई दे रही थी। कोई अपनी मेहनत को जलते हुए देख रहा था, तो कोई अपनी आने वाली जरूरतों की चिंता में डूबा हुआ था। यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं था, यह उन सपनों का टूटना था जो बच्चों की पढ़ाई, घर के खर्च और कर्ज चुकाने से जुड़े थे। खेतों के ऊपर उठता काला गुबार जैसे हर दिल पर एक बोझ बनकर बैठ गया। उस धुएं में सिर्फ अनाज नहीं जल रहा था, उसमें किसानों की उम्मीदें, भरोसा और सुकून भी धीरे-धीरे राख हो रहा था।

### बिजली निगम ने नहीं दिया शिकायतों पर ध्यान

शाम होते-होते खेतों में सन्नाटा छा गया। जहां सुबह तक जिंदगी लहलहा रही थी, वहां अब खामोशी पसरी थी। राख के बीच चलते किसान बार-बार पीछे मुड़कर देखते जैसे उम्मीद कर रहे हों कि शायद यह सब एक बुरा सपना हो। लेकिन यह सपना नहीं था। यह हकीकत थी और इस हकीकत ने भैयापुर-लाढोत के किसानों को एक कड़वा सबक दे दिया है। अब उनकी नजर सिर्फ मुआवजे पर नहीं, बल्कि इस बात पर भी है कि भविष्य में ऐसी आग फिर न भड़के। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा चुभने वाली बात किसानों के मन में एक ही थी कि क्या यह टल सकता था। खेतों के पास बने बिजली सब स्टेशन को लेकर उनके मन में सवाल हैं। कई किसानों का कहना है कि अगर पहले की शिकायतों पर ध्यान दिया जाता, तो शायद यह दिन नहीं देखना पड़ता।

### अंकित का सवाल, कैसे होगी भरपाई

अंकित जो युवा किसान हैं, कहते हैं कि हमने कर्ज लेकर फसल तैयार की थी। अब समझ नहीं आ रहा आगे कैसे संभालेंगे। उनकी आंखों में चिंता साफ दिखती है। यह चिंता सिर्फ आज की नहीं, आने वाले कल की भी है।

### रणवीर का रंजो-गम नहीं कम

रणवीर ने बताया कि एक पल के लिए लगा कि बस अब रुक जाएगी, लेकिन अगले ही पल आग और आगे बढ़ गई। यह सिर्फ आग से लड़ाई नहीं थी, यह वक्त से लड़ाई थी और वक्त आज हमारे साथ नहीं था। फायर ब्रिगेड जब तक पहुंची, तब तक बहुत कुछ खत्म हो चुका था। फिर भी गांव के लोग दमकल कर्मियों को उम्मीद की तरह देख रहे थे। पानी की तेज धारें जब आग पर पड़ीं, तो लगा जैसे कोई जख्म पर मरहम रख रहा हो।

### ऐसे सुनाई सतपाल ने अपनी व्यथा

दोपहर को अढ़ाई बजे सतपाल अपने जले हुए खेत के किनारे खड़े हैं। बस इतना बोले कि यही तो सब कुछ था हमारा। उनकी आवाज में टूटन है। पास ही किसान संसार बार-बार उस जगह को देख रहे है कि जहां कुछ घंटे पहले तक फसल लहलहा रही थी। अब वहां राख उड़ रही है। मानो नुकसान की कहानी बार-बार दोहरा रही हो। जब आग लगी, तो लोग खेतों की तरफ दौड़ पड़े। कोई बाल्टी में पानी भरकर दौड़ रहा था, कोई ट्रैक्टर से खेत जोतकर आग को रोकने की कोशिश कर रहा था।

### भारत भक्ति आश्रम में मनाई आंबेडकर जयंती

**रोहतक।** विश्व हिन्दू परिषद रोहतक द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भारत भक्ति आश्रम में सामाजिक समरसता गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस गोष्ठी में संतों और प्रबुद्धजनों ने समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाकर एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में ठाकुर बसंत दास महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि समरस समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार है। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सी.डी.एल.यू. सिरसा के पूर्व कुलपति डॉ. विजय कुमार कायत ने शिक्षा और मानसिक जागरूकता को भेदभाव खत्म करने के लिए अनिवार्य बताया।

# म्हारे पहलवानों ने नेशनल कुश्ती में 7 गोल्ड समेत जीते 10 पदक

## 20वीं नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप (ग्रीको-रोमन) में दिखाया दम


अनिल


अनुज


सचिन


रितेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ छत्तीसगढ़ में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

20वीं नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप (ग्रीको-रोमन) में हरियाणा के पहलवानों ने सर्वश्रेष्ठ दमखम दिखाते हुए पदकों की बौछार कर दी। हरियाणा ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 10 पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। टीम के जांबाज पहलवानों ने 7 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक अपने नाम किए। फाइनल मुकाबलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वियों को चित करते हुए तकनीकी श्रेष्ठता और अटूट मानसिक शक्ति का परिचय दिया। यह प्रतियोगिता छतसीगढ़ में आयोजित की गई। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने विजेता खिलाड़ियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

उन्होंने सभी पहलवानों को भविष्य में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। टीम के कोच रणबीर ढाका ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रीको-रोमन शैली में 7 स्वर्ण पदक जीतना एक बड़ी उपलब्धि है, जो आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए एक सकारात्मक संकेत है। इस जीत से खेल प्रेमियों और उभरते पहलवानों में भारी उत्साह है। 67 किलोग्राम में अनुज, 72 किलोग्राम में विनित, 77 किलोग्राम में सचिन, 82 किलोग्राम में आशु दलाल, 87 किलोग्राम में अखिल, 60 किलोग्राम में अनिल मोर, 63 किलोग्राम में गौरव ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, 63 किलोग्राम में आर्यन और 130 दिशांत ने रजत पदक जीता। इसके अलावा 60 किलोग्राम में रितेश ने कांस्य पदक जीता।



## इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटर-स्कूल रोलर स्केटिंग में किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**रोहतक।** इंडस पब्लिक स्कूल द्वारा इंटर–स्कूल रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की नेता सुमिता भाटिया जांगड़ा एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोविंद राजपुरोहित उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने बेहतरीन संतुलन, गति और कौशल का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने अपने संदेश में कहा कि "ऐसे खेल आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी सुदृढ़ करते हैं।" विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले अतिथियों, शिक्षकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देने वाला रहा, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।

# जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दक्ष और नमन ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ महाराष्ट्र के नागपुर में 5 से 11 अप्रैल तक हुई प्रतियोगिता

महाराष्ट्र के नागपुर में 5 से 11 अप्रैल तक आयोजित 7वीं अंडर-17 जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हरियाणा के मुक्केबाजों ने अपनी धाक जमाई है। आर्यन बॉक्सिंग स्पोर्ट्स क्लब रोहतक के दो होनहार खिलाड़ियों दक्ष पंवार और नमन बुधवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 48 किलो भार वर्ग में हरियाणा के उभरते सितारे दक्ष पंवार ने रिंग में अपनी तकनीक और फुर्ती का लोहा मनवाया। फाइनल मुकाबले में दक्ष ने आंध्र प्रदेश के मुक्केबाज साईं लोहित को एकतरफा 5-0 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी चैंपियनशिप में आर्यन बॉक्सिंग स्पोर्ट्स क्लब के एक और प्रतिभाशाली मुक्केबाज नमन बुधवार ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।



**रोहतक।** नमन के साथ कोच और अन्य तथा दक्ष। फोटो : हरिभूमि

### 70 किलो वर्ग में जीता दक्ष

नमन ने 70 किलो भार वर्ग में विपक्षी मुक्केबाजों को धूल चटाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। दक्ष ने अपनी जीत का श्रेय आर्यन बॉक्सिंग क्लब के संचालक अंतराराष्ट्रीय कोच संजीव कुमार को दिया और साथ ही अनिल धनखड़ कोच के मार्गदर्शन में अपने खेल को निखारा। इस उपलब्धि के पीछे उनके बड़े भाई बाक्सर आशिष छिक्कारा का भी अहम योगदान रहा दक्ष ने बताया कि बताया कि वे अब पटियाला में आयोजित होने वाले नेशनल बॉक्सिंग कैंप में कड़ी मेहनत करेंगे। उनका लक्ष्य उज्बेकिस्तान में होने वाली जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहराना है।

## राइजिंग चैंप्स इलेवन ने जीता रोमांचक महिला क्रिकेट मुकाबला




**रोहतक।** महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई पीढ़ी की महिला क्रिकेटरों की प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोहतक के ऑक्सीजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक भव्य महिला क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यूनाइटेड फॉर डायनेमिक इंडिया इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस पहले खेल आयोजन में राइजिंग चैंप्स इलेवन ने टैलेंट टाइटंस इलेवन को 5 विकेट से हराकर जीत का परचम फहराया। बेहद कड़ी टक्कर वाले इस मुकाबले में राइजिंग चैंप्स इलेवन ने खेल के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम की खिलाड़ी मानुषी को उनके शानदार खेल के लिए वूमेन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर खेल और न्याय जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के उद्योगपति विनोद कुमार जैन और विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति जूलियन जालान मौजूद रहे। इनके साथ ही 2007 वर्ल्ड कप विजेता क्रिकेटर जोगेंद्र शर्मा, चेस मास्टर हिमांशु शर्मा, युजवेंद्र चहल के पिता कृष्ण कुमार चहल और रणजी खिलाड़ी ईशांज भारद्वाज ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पूर्व न्यायमूर्ति संत प्रकाश और जिला न्यायाधीश देश राज चाहलिया ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

मुख्य अतिथि विनोद कुमार जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आधी आबादी को पुरुष प्रधान समाज में प्रगति के समान अवसर मिलेंगे।


**रोहतक।** मीनाक्षी हुड्डा का स्वागत करते कोच विजय हुड्डा और अन्य। फोटो : हरिभूमि

## वर्ल्ड नंबर-1 बॉक्सर मीनाक्षी का रोहतक पहुंचने पर भव्य स्वागत

**रोहतक।** एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली मीनाक्षी का रविवार को उनके पैतृक गांव रुड़की पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। मंगोलिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में मीनाक्षी ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर गोल्ड मेडल हासिल किया। गौरतलब है कि मीनाक्षी वर्तमान में 48 किलोग्राम भारवर्ग में दुनिया की नंबर वन महिला बॉक्सर हैं। मीनाक्षी और अन्य विजेता खिलाड़ियों के स्वदेश लौटने पर सबसे पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद जब मीनाक्षी अपने गांव रुड़की पहुंचीं, तो ग्रामीणों ने फूलों की वर्षा और ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे गांव में विजय जुलूस निकाला गया। कोच विजय ने कहा मीनाक्षी की मेहनत और समर्पण ने उसे आज इस मुकाम पर पहुंचाया है।

# नेशनल रोइंग प्रतियोगिता: सक्षम ने रिकॉर्ड के साथ जीता सोना

■ नितिन ने स्वर्ण और रोहन ने कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नेशनल रोइंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रोहतक के खिलाड़ियों दो स्वर्ण, एक कांस्य कुल तीन पदक जीते। इसमें सक्षम और नितिन ने स्वर्ण पदक व रोहन ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 के सिंगल इवेंट में रिकॉर्ड बनाते हुए सक्षम ने 6.17.4 टाइम के साथ स्वर्ण पदक जीता है और जूनियर इंडिया का भी रिकॉर्ड बनाया है। सक्षम जिले के गांव सुडाना का निवासी है। सक्षम की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। यह प्रतियोगिता कटक में आयोजित की गई। कोच चांद चहल ने सक्षम को बधाई देते हुए आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। सक्षम ने बताया कि शुरू से ही खेल खेलने में रुचि थी। सक्षम ने कुश्ती में 2021 में स्कूली नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2022 में भी स्कूली नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। उसके बाद बुआ के लड़के राहुल रेढू से प्रेरित होकर रोइंग खेलने शुरू किया राहुल ने ही सक्षम को 2024 में छोटूराम स्पोर्ट्स क्लब जींद में खेलने के लिए भेजा था। इससे पहले सक्षम ने एशियन रोइंग चैंपियनशिप में 2000 मीटर व 500 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। 2024 में नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2025 अप्रैल में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। कोच दीपक व बिजेंद्र ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।




**रोहतक।** सक्षम तथा नितिन और रोहन। फोटो : हरिभूमि

## दिल्ली मास्टर्स गेम्स में चमके गांधरा के जसविंदर



**सांपला।** गांधरा के निवासी जसविंदर सिंह ने दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 9 से 12 अप्रैल तक चले इस प्रतियोगिता में उनकी शानदार उपलब्धि से गांव और आसपास के इलाके में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता के दौरान जसविंदर सिंह ने शॉट पुट में कांस्य पदक, लॉन्ग जंप में रजत पदक और डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह सफलता अर्जित की।

## यूपीएससी में तृतीय स्थान हासिल कर एकांश ढुल ने बढ़ाया प्रदेश का मान

■ मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी ने किया सम्मानित

**रोहतक।** मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी ने पंचकूला में आयोजित एक गरिमामय समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण ढुल को उनके पुत्र एकांश ढुल की ऐतिहासिक उपलब्धि पर सम्मानित किया। एकांश ढुल ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर संजय राठी ने कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करना अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि एकांश ढुल की यह सफलता देशभर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह सिद्ध करती है कि यदि व्यक्ति में दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और निरंतर परिश्रम करने का जज्बा हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इस अवसर पर कृष्ण ढुल ने भावुक होते हुए कहा कि उनके पुत्र की यह सफलता केवल उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज के आशीर्वाद और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा अपने पुत्र को मेहनत, ईमानदारी और विनम्रता का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि एकांश ढुल अपने जीवन में इन मूल्यों का पालन करते हुए समाज के कमजोर वर्गों, गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे।


**रोहतक।** चयनित छात्र-छात्राओं के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारी।

## 210 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

**रोहतक।** माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क पढ़ाई करने के इच्छुक 210 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा करवाई गई। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया सबसे पहले महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज, सतीश ठेकेदार, गोविंद राम सिंघल, प्रधान नरेश जैन, कुलदीप मित्तल ने पेपर वितरित कर परीक्षा की शुरूआत करवाई। पहले साईंस विषय का पेपर 10 बजे से 11.30 बजे तक, मैथ का पेपर 12.00 बजे से 1.30 बजे तक लिया गया। सफल विद्यार्थियों को साक्षात्कार होने के पश्चात उनको ट्रस्ट के परिवार में शामिल किया जाएगा व उनकी पाठ्य सामग्री जैसे कि कॉपी, किताब, बैग, स्कूल की ड्रैस, जूते, जूराब अथवा निःशुल्क पढ़ाई की पूर्ति करवाई जाएगी।



## आमजन को रक्तदान के बारे में जागरूक किया

**रोहतक।** रेड क्रॉस भवन में नीमा रोहतक ब्रांच और विमेन फोरम की तरफ से नीमा स्थापना दिवस सेलिब्रेशन के तहत एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। स्टेट वाइस प्रेसिडेंट डॉ संजीव मदान ने बताया कि फ्री मेडिकल चेकअप कैंप, फ्री खून जांच शिविर, चिकित्सकों के लिए वेबिनर आदि का आयोजन भी किया जाएगा। रक्तदाताओं ने 112 यूनिट रक्त दान दिया। जिला कार्यकारिणी के डॉ सिद्धार्थ नांदल, डॉ धर्मपाल मुदगिल, डॉ सुनीता मग्गू, डॉ तरूणा, डॉ अनिता कुंडू ने कहा कि सभी सदस्यों ने आम जन को रक्त दान के बारे में जागरूक किया और उन्हें रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। प्रेरणा के लिए कैंप में जिला अध्यक्ष डॉ सुनील खटखड़,स्टेट विमेन फोरम की डॉ किरण सोनी, डॉ संदीप जांगड़ा, डॉ संगीत आचार्य , डॉ राजीव टक्कर, डॉ जितेंद्र मालिक आदि थे।

# अब संग्राम सिंह युवाओं को देंगे फिट रहने का मंत्र, मिली नई जिम्मेदारी

## खेल मंत्र डॉ. मनसुख मांडविया ने दिया पूरी मदद का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने फिट इंडिया मूवमेंट के फिटनेस आइकन और एमएमए की दुनिया में इतिहास रचने वाले संग्राम सिंह का ब्यूनस आयर्स में योग और प्राणायाम का प्रचार करने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए अगर खेल मंत्रालय की किसी भी योजना के तहत संग्राम सिंह युवाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें प्रेरित करने के लिए आगे आते हैं तो उन्हें खेल मंत्रालय की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा।

उन्होंने ऐसे कामों के लिए उन्हें हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। संग्राम सिंह रोहतक जिले के मदीना गांव के निवासी है। डॉ. मनसुख मांडविया का मानना है कि खिलाड़ियों को किसी भी स्थिति में अनुशासन के साथ समझौता नहीं करना चाहिए। उन्हें समय पर खाने और समय पर सोने के नियम के साथ ही अपने डेली रूटीन कार्यक्रम का कड़ाई से पालन करना चाहिए। ये सब बातें खिलाड़ी को विश्व स्तर का बनाने की दिशा में पहला कदम होना चाहिए। डॉ. मनसुख मांडविया ने अपने ये उद्गार यहां खेल मंत्रालय के फिटनेस आइकन संग्राम सिंह के साथ एक मीटिंग में व्यक्त किए। इस अवसर पर संग्राम सिंह के कोच भूपेश कुमार भी मौजूद थे। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में अपनी तीसरी एमएमए फाइट जीतने के बाद स्वदेश लौटे हैं। शुक्रवार को भारतीय खेल प्राधिकरण के उप-महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव ने नेहरू स्टेडियम में उन्हें सम्मानित किया। शनिवार को डॉ. मांडविया संग्राम सिंह के अर्जेंटीना में योग और प्राणायम का संदेश देने से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी आपसे बहुत कुछ सीखती है। गौरतलब है कि संग्राम सिंह हाल ही में ब्यूनस आयर्स में इतिहास रचकर स्वदेश लौटे हैं। उन्होंने अपनी तीसरी एमएम (मिक्स मार्शल आर्ट्स) फाइट में खुद से 16 साल छोटे फ्रांसीसी फाइटर फ्लोरियन काउडियर को मात्र 1 मिनट 45 सेकंड में हराकर जीत की हैट-ट्रिक पूरी की। वह अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने हैं।


**रोहतक।** संग्राम सिंह को सम्मानित करते खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया।












एक साल से जूझ रहे थे ब्रेन ट्यूमर जैसी बीमारी से

# वार्डन कुलदीप सिंह अंगदान कर देंगे 7 लोगों को नया जीवन

## डॉक्टरों ने घोषित किया ब्रेन डेड, सुबह 4:00 बजे से अंगदान प्रक्रिया होगी शुरू, 6 से 10 बजे तक बनेगा ग्रीन कॉरिडोर

*पीजीआई में 3 दिन में दो अंगदान का बनेगा रिकॉर्ड*

*कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल की मुहिम ला रही रंग*

*गुरुवार को भिवानी के युवक ने किए थे अंगदान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पीजीआईएमएस से एक और भावुक और प्रेरणादायक खबर सामने आई है, जहां जेल विभाग के वार्डन कुलदीप सिंह के निधन के बाद उनके परिवार ने अंगदान करने का फैसला लेकर 7 लोगों को नया जीवन देने का रास्ता खोल दिया। यह मानवीय पहल न केवल समाज के लिए एक मिसाल बनी है, बल्कि अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सोनीपत के गांव ताजपुर तिहाड खुर्द निवासी 51 वर्षीय कुलदीप सिंह पिछले एक साल से वह ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनको ट्यूमर का ऑप्रेशन करवाना पड़ा। कुछ दिन से इलाज के दौरान उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और रविवार सुबह पीजीआईएम के डॉक्टर्स की टीम द्वारा उनके ब्रेन को डेड घोषित कर दिया गया। इस कठिन समय में उनके परिवार ने साहस और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अंगदान का निर्णय लिया। अस्पताल के चिकित्सक रात्रि में ही पीजीआईएमएस पहुंचकर अल सुबह 4:00 बजे से अंग निकालने की प्रक्रिया प्रारंभ कर देंगे। कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा भी परिवार से मिलेंगे। जैसे-जैसे अंग निकल जाएंगे वैसे-वैसे संबंधित अस्पताल की टीम अपना अंग लेकर रोहतक पुलिस द्वारा सुबह 6:00 बजे से 10:00 बजे तक बनाए जाने वाले ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से करीब तेज रफ्तार में अपने अस्पतालों में पहुंचेगी। जिले में पुलिस के दो सौ से अधिक जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

### हृदय, लीवर, किडनी व अन्य अंग होंगे प्रत्यारोपित

कुलदीप सिंह के स्वास्थ्य की जांच के लिए पीजीआईएमएस की तरफ से तीन चिकित्सकों की कमेटी बनाई गई। इसमें एनेस्थीसिया से डॉक्टर तरुण, डॉ वरुण अग्रवाल और डॉ अमरनाथ शामिल रहे। कमेटी ने जांच के बाद कुलदीप सिंह के ब्रेन को डेड घोषित किया। इस दौरान दो बार टेस्ट किए गए। परिवार के इस फैसले से कुलदीप सिंह के हृदय, लीवर, किडनी और अन्य महत्वपूर्ण अंग जरूरतमंद मरीजों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, एक व्यक्ति के अंगदान से कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है, और कुलदीप सिंह का यह योगदान इस बात का सशक्त उदाहरण है। 51 वर्षीय कुलदीप सिंह अपने पत्नी सहित 23 साल की बेटी और 21 साल के बेटे को छोड़ गए हैं। बेटा बेटी पढ़ाई करते हैं। पत्नी गृहणी हैं। कुलदीप सिंह के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। ऐसे में परिवार के लिए यह समय बेहद कठिन है, लेकिन उन्होंने अपने दुःख को समाज सेवा में बदलते हुए जो निर्णय लिया है, वह वास्तव में सराहनीय है।गांव और आसपास के क्षेत्र में कुलदीप सिंह को एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जाना जाता था। परिवार के इस अंतिम निर्णय ने उनकी छवि को और भी महान बना दिया है। स्थानीय लोग और अधिकारी उनके परिवार के इस साहसिक कदम की प्रशंसा कर रहे हैं। अंगदान को लेकर समाज में अभी भी ्रांतियां और डर मौजूद हैं, लेकिन कुलदीप सिंह की कहानी इन सभी धारणाओं को तोड़ने का काम करती है। यह घटना यह संदेश देती है कि मृत्यु के बाद भी इंसान दूसरों के जीवन में रोशनी ला सकता है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग भी लगातार अंगदान को बढ़ावा देने के लिए अभियान चला रहे हैं, लेकिन इस तरह के वास्तविक उदाहरण लोगों को अधिक प्रेरित करते हैं।

### ऑपरेशन के बाद नहीं हो पाए स्वस्थ

पिता कुलदीप सिंह को साल पहले ब्रेन ट्यूमर होने का पता चला था। वह रोहतक जेल में कार्यरत थे। उनका प्राइवेट अस्पताल में ऑप्रेशन करवाया था। लेकिन वह पूरी तरह स्वस्थ्य नहीं हो पाए। हमने उन्हें बचाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन वह अब हमारे पास नहीं हैं। उनके अंगदान से अच्छा काम और क्या हो सकता है। -बेटा पारुल दहिया

### प्रदेश में जागरूकता बढ़ रही

अंगदान के प्रति जागरुकता बढ़ रही है। समाजसेवी संस्थाएं आगे आ रही हैं। अंगदान के प्रति आए दिन जागरुकता फैलाई जा रही है। -डॉ एच के अग्रवाल, हेल्थ यूनिवर्सिटी कुलपति

## खबर संक्षेप

### राजा बने खाप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**सांपला।** अखिल भारतीय लववंशीय, लौरस खत्री खाप ने इस्माईला गांव निवासी राजा खत्री को खाप का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। राजा का कहना है कि खाप ने जो जिम्मेदारी दी,वह समाज में एकता भाईचारा कायम रखने के लिए निष्ठा पूर्वक काम करुंगा।

### आज मनाई जाएगी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पीजीआईएमएस के इनसिनरेटर प्लांट परिसर में 13 अप्रैल 2026, सोमवार को भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक के के हंस ने बताया कि इस अवसर पर पीजीआईएमएस के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन इनसिनरेटर प्लांट, पीजीआईएमएस में किया जाएगा जो सेंट्रल वर्कशॉप के पास स्थित है। कार्यक्रम का समय दोपहर 12 बजे से 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। के के हंस ने सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में पहुंचकर अपने विचार व्यक्त करें और अधिकारियों के विचार भी सुनें। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि आपकी उपस्थिति होगी।

## सोनीपत रोड रजवाहे पर 55 लाख खर्च के बावजूद 70 प्रतिशत कार्य अधूरा

# 7 साल से अटका 3.5 किमी पाइपलाइन प्रोजेक्ट, मंजूरी के बाद काम शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सोनीपत रोड रजवाहे पर प्रस्तावित 3.5 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन का निर्माण कार्य सात साल बाद भी अधूरा पड़ा है। यह प्रोजेक्ट शहर की जल आपूर्ति को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया था, लेकिन आज भी ठंडे बस्ते में है। हैरानी की बात यह है कि इस परियोजना को लेकर चंडीगढ़ में चार बार बैठकें हो चुकी हैं, बावजूद इसके काम सिरे नहीं चढ़ पाया।कार्यदायी संस्था द्वारा लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया था, जिसके एवज में करीब 55 लाख रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। लेकिन शेष 70 प्रतिशत कार्य अधूरा होने के कारण इसका खामियाजा सेक्टर-3 समेत आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। मानसरोवर पार्क के सामने स्थित प्रथम जलघर के टैंकों तक जेएलएन (जवाहर लाल नेहरू नहर) से मिलने वाला पानी सामान्य से चार गुना कम पहुंच रहा है। स्थिति यह है कि पुराने शहर सहित करीब डेढ़ लाख की आबादी हर महीने नहरबंदी के दौरान गंभीर जल संकट से जूझती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने लंबे समय तक इस परियोजना को नजरअंदाज किया। हालात तब बदले जब सेक्टर-3 निवासी उमेद सिंह खत्री ने आरटीआई के तहत इस प्रोजेक्ट की जानकारी मांगी।



**रोहतक।** इस तरह से ओवरफ्लो होकर चलता है जलघर की तरफ जाने वाला रजवाहा।

### रोड पर आ जाता है पानी

रजवाहे के बीच में पड़े कुछ पाइप पानी को आगे जाने में रुकावट बने हुए हैं। लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा उन पाइपों को साइड में न किए जाने के कारण सोनीपत रोड पर रजवाहे का पानी आ जाता है। जिससे जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। बारिश के मौसम में समस्या और ज्यादा बन जाती है। पाइपों के कारण पानी आगे नहीं जा पाता, वहीं पानी सड़कों पर घूमता रहता है। जिसका खामियाजा सेक्टरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। पार्षद की शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

*परियोजना को लेकर चंडीगढ़ में हो चुकी हैं चार बार बैठकें, जलघर में पानी सामान्य से चार गुना कम पहुंच रहा*

### मुख्यालय भेज दी है फाइल

विभाग से सभी कार्य पूर्ण कर फाइल मुख्यालय भेज दी गई है। फिलहाल वह मुख्यालय से ही फाइनल होकर निकलेगी। पूरी उम्मीद है जल्द ही यह काम होने वाला है, और निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। आमजन को पेयजल के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा।
-**शिवराज सिंह**, अधीक्षण अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

### मुख्यालय में अटकी फाइल, जल्द शुरू होगा काम

हालांकि, अब इस प्रोजेक्ट को लेकर नई उम्मीद जगी है। प्रशासनिक मंजूरी करीब तीन माह पहले मिल चुकी है और पाइपलाइन का कार्य दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार, प्रोजेक्ट से जुड़ी फाइल मुख्यालय में लंबित पड़ी है, जिसके कारण कार्य में देरी हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द फाइल को मंजूरी देकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि वर्षों से चले आ रहे जल संकट से राहत मिल सके।

### 1.89 करोड़ का प्रोजेक्ट, 9 महीने में होना था पूरा

सोनीपत रोड के 3.5 किलोमीटर लंबे रजवाहे में 1.89 करोड़ रुपए से सीमेंट की पाइप लाइन बिछाने का प्रोजेक्ट 9 महीने में पूरा होना था। लेकिन इसका 30 प्रतिशत कार्य पूरा होने के बाद इसमें तकनीकि समस्याएं आने लगी। हुडा विभाग द्वारा भी इस काम को नहीं करने दिया। क्योंकि जलघर तक पानी पहुंचाने के लिए वैकल्पिक रास्ता भी जरूरी होना चाहिए। वैकल्पिक रास्ते के लिए जगह है नहीं अगर हुडा विभाग मंजूरी देता तो सोनीपत रोड पर बनी सड़क पर ही जलघर में पानी के लिए रास्ता बनाया जाता। इस प्रोजेक्ट में बीच में आ रही हुडा विभाग की सड़कें, दुकानें रुकावट बनीं हुई है।

### नपा व फायर कर्मियों का आंदोलन तेज, 16 को तीन घंटे काम बंद

**रोहतक।** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा ने अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। कर्मचारी भवन रोहतक में आयोजित संयुक्त राज्य स्तरीय सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि 16 अप्रैल को तीन घंटे का काम बंद किया जाएगा। इसके अलावा 20-21 अप्रैल को काले बिल्ले, 24-25 अप्रैल को उल्टा झाड़ू प्रदर्शन, 27-28 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल तथा 1-2 मई को दो दिवसीय राज्यस्तरीय हड़ताल की जाएगी।

- 20-21 को काले बिल्ले और 24-25 को उल्टा झाड़ू लेकर प्रदर्शन करेंगे

संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में नगर पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों और अग्निशमन विभाग के सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समान काम समान वेतन, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये, पुरानी पेंशन बहाल करने और ठेका प्रथा समाप्त करने सहित 22 सूत्रीय मांगों को उठाया। नेताओं ने सरकार पर कर्मचारियों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### बहलबा गांव में घर से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी, खेत में गया हुआ था परिवार

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव बहलबा में एक मकान से सोना-चांदी के गहने और नकदी चोरी की वारदात सामने आई है। पुलिस को दी शिकायत में बहलबा गांव निवासी अजमेर पुत्र थाम्बु राम ने बताया कि गत दिवस वह अपने भाई के साथ खेत में काम करने गया हुआ था। रात को दस बजे वे घर पहुंचे। उसकी मां घर पर अकेली थी। रात को खाना खाकर वह सो गया। सुबह उठकर गाय का दूध निकालकर डयेरी में देने चला गया। वापस आया तो घर पर काफी भीड़ लगी हुई थी। वहां जाकर पता चला कि उसकी मां की छोटी संदूक घर से थोड़ी दूर प्लॉट में पड़ी हुई थी। वहां जाकर देखा तो उसका कुंडा टूटा हुआ था। अजमेर ने बताया कि संदूक को चैक किया तो उसमें से पांच हजार रुपए, चार चांदी के सिक्के, चार चांदी की चूड़ियां, एक जोड़ी सोने की बालियां, एक सोने की अंगुठी गायब मिले। परिवार के सदस्यों के साथ उसने घर को अंदर से चैक किया तो वहां पर घर का सामान बिखरा हुआ था। रात को किसी अज्ञात चोर ने उनके घर में चोरी कर ली है। चोर की पहचान करके उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उनको उनके गहने और नकदी वापस दिलवाई जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# मांगों को लेकर पांचवें दिन भी हड़ताल पर रहे दमकल कर्मी

- बलिदान देने वाले फायरकर्मियों के परिवार से एक आश्रित को नौकरी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



**महम।** हड़ताल पर बैठे दमकल केंद्र महम के कर्मचारी।

फायर स्टेशन महम में दमकल कर्मचारी लगातार पांचवें दिन हड़ताल पर रहे। नगर पालिका कर्मचारियों ने भी फायर कर्मियों का समर्थन किया। हड़ताल का संचालन महम दमकल केंद्र के प्रधान सोमबीर सिंह ने किया ।मुख्य वक्ता के रूप में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के उप प्रधान शीलू राम मौजूद रहे। हड़ताल बीती 16 फरवरी को फरीदाबाद की कालकाजी स्टील फैक्ट्री में हुई आगजनी में राहत और बचाव कार्य करते हुए बलिदान देने वाले फायर कर्मियों भवीचंद् शर्मा और रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा दिलाने को लेकर की गई। कर्मचारियों की मांग है कि मृतक कर्मचारियों के परिजनों को एक-एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और पीड़ित परिवार से एक आश्रित परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए। सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान राजेंद्र डाबला ने कहा कि सरकार अग्निशमन के कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण बर्ताव कर रही है। सूरजकुंड मेले में झूला टूटने पर हादसे में शिकार हुए पुलिस कर्मी को सरकार द्वारा शहीद का दर्जा दिया था और परिजनों को एक-एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता दी थी।

बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित करने का मामला

# ग्रामीण बोले-गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



कलानौर खंड के गांव खैरड़ी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष है। दीनबंधु सर छोटू राम सद्भावना स्थल पर लगी बाबा साहेब की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने के विरोध में गांव में धरना जारी है। वरिष्ठ नागरिक ओमप्रकाश आलड़िया की अध्यक्षता में चल रहे इस धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं।


धरने पर बैठी महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने रविवार तक कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन समय बीतने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने आपसी सहयोग से बाबा साहेब और दीनबंधु सर छोटू राम की प्रतिमाएं एक साथ स्थापित की थीं, ताकि गांव में सामाजिक एकता और सद्भावना का संदेश दिया जा सके। लेकिन कुछ शरारती तत्वों ने इस माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की है। संत शिरोमणि गुरु रविदास समिति खैरड़ी के प्रदीप आलड़िया ने कहा कि इस घटना से गांव की एकता को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। डॉ. बृजेश ने कहा कि दोनों महापुरुषों की प्रतिमाएं सामाजिक सौहार्द का प्रतीक हैं, जिन्हें नुकसान पहुंचाना दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, एसएफआई हरियाणा के उपाध्यक्ष अमित पूनिया ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज में असमानता फैलाने की कोशिश हैं।

## आईआईएम रोहतक का 15वां दीक्षांत समारोह

नेतृत्व, उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण पर जोर, 100% प्लेसमेंट व वैश्विक मान्यता की उपलब्धि

# 300 से अधिक छात्रों को प्रबंधन में स्नातकोत्तर की दी डिग्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों के साथ मुख्य अतिथि ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह (महानिदेशक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल)

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रोहतक में 15वां वार्षिक दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर 300 से अधिक छात्रों को प्रबंधन में स्नातकोत्तर (एमबीए), 66 छात्रों को व्यवसाय प्रशासन में स्नातक (बीबीए) तथा एक शोधार्थी को डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई।

समारोह के मुख्य अतिथि ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह (महानिदेशक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) रहे। उनके साथ बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य आर पी मीना और संस्थान के निदेशक धीरेज शर्मा भी उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कोलास्टिक प्रदर्शन के लिए शिवांश धर को स्वर्ण पदक, एंजेल्स बत्रा को रजत पदक और अमरेंद्र पांडा को कांस्य पदक प्रदान किया गया। वहीं, अश्विन संथानम को सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए विशेष सम्मान दिया गया। इसके अतिरिक्त 10 से अधिक छात्रों को छात्रवृत्तियां भी प्रदान की गईं। मुख्य अतिथि ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि व्यक्तिगत सफलता के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देना भी उतना ही आवश्यक है। बोर्ड सदस्य आर पी मीना ने संस्थान की उपलब्धियों की सराहना करते हुए बताया कि एसोसिएशन ऑफ एमबीए की मान्यता के साथ यह संस्थान विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत बिजनेस स्कूलों में शामिल हो चुका है। निदेशक धीरेज शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि संस्थान ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया। आईआईएम देश का पहला संस्थान है जिसने प्रबंधन और विधि का एकीकृत कार्यक्रम (बीबीए+एलएलबी) शुरू किया है। समारोह में आत्म-जागरूकता, जिम्मेदारी और निरंतर विकास के मूल्यों पर जोर दिया गया। दीक्षांत के साथ ही छात्र नए सफर के लिए तैयार होकर समाज में सकारात्मक योगदान देने की ओर अग्रसर हुए।

### एमडीयू की जमीन पर कोर्ट कॉम्प्लेक्स निर्माण का विरोध तेज



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की जमीन पर कन्हैली पुल के पास जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित कोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण का विवाद गहराता जा रहा है। छात्रों के बाद अब मदवि गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ ने भी इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए विरोध का बिगुल फूंक दिया है। रविवार को संघ के पदाधिकारियों की एक आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय की संपदा की रक्षा के लिए आर-पार की लड़ाई का निर्णय लिया गया।बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सोमवार को कुलपति के समक्ष इस गंभीर विषय को उठाया जाएगा। संघ की मांग है कि विश्वविद्यालय की जमीन पर किसी भी बाहरी निर्माण की अनुमति नहीं दी जाए। बैठक में प्रधान सुरेश कौशिक, महासचिव डॉ. विजय पाल धनखड़, उपप्रधान प्रेम सजवान, सहसचिव राजकुमार रंगा और कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।प्रधान सुरेश कौशिक ने कहा कि पूर्व में भी गौशाला निर्माण और पीजीआई को जमीन देने के नाम पर एमडीयू का एक बड़ा हिस्सा लिया जा चुका है। बाईपास और अन्य विभागों के भवनों के कारण अब विश्वविद्यालय के पास भविष्य के विस्तार के लिए बहुत कम जमीन बची है। उन्होंने जोर देकर कहा आने वाले समय में नए कोर्सेज, रिसर्च सेंटर और हॉस्टल के लिए जमीन की सख्त जरूरत पड़ेगी। अगर इसी तरह बाहरी निर्माण होते रहे, तो विश्वविद्यालय के पास अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए भी जगह नहीं बचेगी।